समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# रेपो रेट पर RBI के फैसले से पहले शेयर बाजार मे सुस्ती, 100 अंक टूटा सेसेंक्स, निफ्टी 24800 के नीचे।

Publisher — Published on 06 Jun 2025



## RBI के रेपो रेट फैसले से पहले भारतीय शेयर बाजार मे संतर्कता, सेसेंक्स 100 अंक टूटा और निफ्टी 24800 के नीचे फिसला। जानिए किन शेयरों मे दिखी तेजी और ग्लोबल मार्केट का क्या है हाल।

**नई दिल्ली, 6 जून 2025:** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को सपाट शुरुआत देखने को मिली। **RBI के रेपो रेट पर अहम फैसले** से पहले बाजार में सतर्कता का माहौल है। कारोबार की शुरुआत में **सेसेंक्स 100 अंक गिरकर** फिसल गया, जबकि **निफ्टी 24800** के नीचे आ गया।

**सुस्त शुरुआत, निवेशकों की नजर आरबीआई के फैसले पर**
शुक्रवार सुबह लगभग **9:15 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेजं (BSE) का सेसेंक्स 100 अंक गिरकर 76,520** के आसपास कारोबार कर रहा था। **नेशनल स्टॉक एक्सचेजं (NSE) का निफ्टी-50 भी 24730** के करीब पहुंच गया।
बाजार की चाल इस समय कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर है— इनमें **भारतीय रिजर्व बैकं (RBI)** की **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** की बैठक, **अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता** और **विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII)** का रुख प्रमुख हैं।

आज **RBI** की छह सदस्यीय समिति रेपो रेट पर बड़ा ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि अगर ब्याज दरों में कोई बदलाव होता है तो इसका सीधा असर शेयर बाजार पर दिखेगा।

**विशेषज्ञों की राय : हो सकती है 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती**

जियोजीत इन्वेस्टमेंट के मुख्य रणनीतिकार **डॉ. विजय कुमार** का कहना है कि **रेपो रेट मे 25 बेसिस प्वाइंट** की कटौती की संभावना है। यदि ऐसा हुआ तो **बैंकिंग** और **रियल एस्टेट सेक्टर** में तेजी देखी जा सकती है।

किन शेयरों में दिखी तेजी

**शुक्रवार के शुरुआती कारोबार मे कुंछ प्रमुख शेयरों मे तेजी देखी गई :**

१. **इंडसइंड बैकं के शेयर मे 1.11% की बढ़त**

२. **टाटा स्टील मे 0.84% की तेजी**

३. **एनटीपीसी के शेयर 0.52% ऊपर**

४. **अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन मे 0.24% की बढ़त**

५. **पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर मे 0.22% की मजबूती**

वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख

**वैश्विक बाजारों मे भी तेजी का माहौल देखने को मिला।**

१. **जापान का निक्केई 0.31% ऊपर**

२. **टोपिक्स 0.45% बढ़ा**

३. **ASX 200 0.03% चढ़ा**

४. **कोस्पी 1.49% की तेज उछाल**

पिछले सत्र का प्रदर्शन

१. **इससे पहले बुधवार को भारतीय शेयर बाजार मे तीन दिनों की गिरावट के बाद तेजी आई।**

२. **सेसेंक्स 261 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।**

३. **निफ्टी 78 अंक मजबूत हुआ।**

४. **रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैकं के शेयरों मे लिवाली के चलते बाजार को समर्थन मिला था।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.